jkT;iky lfpoky;
jktHkou] t;iij

विश्व योग दिवस

राज्यपाल ने योगासन किया

जयपुर, 21 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व योग दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने योग दिवस पर रविवार को प्रातः यहां राज भवन के उद्यान में आसन की विभिन्न क्रियाएं की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने एक घंटे तक योगिक क्रियाएं की। उन्होंने बताया कि वे प्रत्येक दिन योग करते हैं। प्रत्येक योगिक क्रिया के बाद ओउम मंत्र का जाप करते हैं। योग की समाप्ति पर विश्व कल्याण के लिए राज्यपाल प्रतिदिन प्रार्थना भी करते हैं।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल